आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.04.2025 समय : 0705

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं।
- पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती मनाई जा रही है।
- आज 70वाँ अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जा रहा है।
- खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने पूर्व भारतीय लौंग जम्पर अन्जू बॉबी जॉर्ज के आदर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहेब ने अपने प्रेरक जीवन में कई कठिनाइयों के बावजूद एक अलग पहचान बनाई और पूरे विश्व में सम्मान अर्जित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वे एक अर्थशास्त्री, शिक्षाविद् और महान समाज सुधारक थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब समान अधिकारों के प्रबल समर्थक थे, जिन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया। राष्ट्रपति ने सभी से डॉ. आंबेडकर के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

पूरे देश के साथ द्वीपों में भी आज डॉ. भीमराव अम्बेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैं। इस अवसर पर द्वीपों के उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी, डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसी उपलक्ष्य में आज शाम साढ़े पांच बजे अम्बेडकर सभागार में बोद्धिसत्व सांस्कृतिक संघ द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में अण्डमान लक्षद्वीप बंदरगाह निर्माण कार्य के उप–मुख्य अभियन्ता डॉ. सत्यमूर्ति मुख्य अतिथि होंगे। इस बीच, गोलघर स्थित अम्बेडकर भवन में आज सुबह आठ बजे भारत रत्न डॉ. बी. आर अम्बेडकर की जयंती मनाई जाएगी।

<><><><><><><>

भारत रत्न डॉ. भीम राव अंबेडकर की 134वीं जयंती के उपलक्ष्य में कल खेल एवं युवा मामले विभाग ने नेहरू युवा केंद्र के सहयोग से एक भव्य और उत्साहपूर्ण 'जय भीम पदयात्रा' का आयोजन किया गया।

शिक्षा निदेशालय के उप शिक्षा अधिकारी ज्ञान शील दुबे ने मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्मारक सेलुलर जेल से पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। नेहरू युवा केन्द्र, एन एस एस, एन सी सी और विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के तीन सौ साठ से अधिक युवाओं ने इस पदयात्रा में भाग लिया। वे डॉ. भीम राव अंबेडकर के शक्तिशाली संदेश और शिक्षाओं को उजागर करते हुए, समानता, न्याय और संवैधानिक मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करते हुए पोस्टर लेकर चल रहे थे। पदयात्रा सेलुलर जेल से होते हुए नारायण चौक– घंटाघर– बंगाली क्लब– एल आई सी बिल्डिंग से होते हुए अंबेडकर ऑडिटोरियम में समाप्त हुई। इस अवसर पर समापन स्थल पर प्रतिभागियों और पदाधिकारियों ने डॉ. भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन ने सभी युवाओं से डॉ. अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलने और एक विकसित भारत–एक प्रगतिशील और समावेशी राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

आज 70वाँ अग्निशमन सेवा दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल एडमिरल डी. के. जोशी ने अपने संदेश में कहा कि यह दिन हमारे बहादुर अग्निशमन कर्मियों के अटूट साहस और निःस्वार्थ समर्पण को सम्मानित करने का एक पवित्र अवसर है। वे दिन–रात सुरक्षा के प्रहरी के रूप में खड़े रहते हैं। वे हमारे कीमती जीवन और संपत्ति की रक्षा करते हैं। इस वर्ष का विषय है–"एकजुट होकर प्रज्जवलित करें: एक अग्नि–सुरक्षित भारत"। उपराज्यपाल ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल कुछ बहादुर व्यक्तियों का कर्तव्य नहीं है, बल्कि एक सामूहिक प्रयास है – जिसके लिए सतर्कता, तैयारी और व्यापक जागरूकता की आवश्यकता है। अग्नि सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने में अंडमान और निकोबार अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के सराहनीय प्रयास विशेष मान्यता के पात्र हैं। उन्होंने इन द्वीपों के लोगों के लिए उनकी महान सेवा में उन्हें निरंतर सफलता मिलने की कामना की है।

<><><><><><><>

प्रशासन के खेल एवं युवा मामले निदेशालय ने कल नेताजी खेल परिसर में पूर्व भारतीय लौंग जम्पर अन्जू बॉबी जॉर्ज के आदर ने सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खेल निदेशक विक्रम सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने निदेशालय द्वारा आयोजित विभिन्न खेल विधाओं में चल रही निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में दो सौ पचास से अधिक खेल प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंजू बॉबी जॉर्ज ने पैरिस में दो हजार तेईस के आयोजन में कांस्य पदक जीतकर विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचा। उन्होंने

कई ऑलम्पिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया है और दो हजार पच्चीस में विश्व एथलेटिक्स फाइनल में स्वर्ण पदक जीता है। खिलाड़ी अंजू ने उपस्थित प्रशिक्षुओं को खुद के रोल मॉडल बनने और अनुशासन के साथ अपने सपनों को पूरा करने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

अड़सठवीं राष्ट्रीय स्कूल फुटबॉल चैम्पिनशिप में भाग लेने के लिए कल द्वीपसमूह की बीस सदस्यीय अंडर–19 बॉयज़ फुटबॉल टीम रवाना हुई। यह चैम्पियनशिप मणिपुर में खेला जा रहा है। इस अवसर पर नेताजी स्टेडियम में एक विशेष समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। यह अवसर न केवल खेलभावना को बढ़ावा देगा, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर द्वीपसमूह के प्रतिभाओं को भी मंच प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

डिगलीपुर के क्षेत्रीय कृषि कार्यालय द्वारा एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मृदा संरक्षण और मसाला प्रदर्शन फार्म में महिला किसानों के लिए आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में सोलह महिला सदस्यों ने भाग लिया। कृषि विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में किसानों को कृषि आधारित गतिविधियों के प्रति जागरूक और उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कृषि अधिकारी सीना पिल्लई ने किया। इस अवसर पर कृषि सहायक कमरून निसा ने द्वीपों में मसालों की खेती के महत्व के बारे में जानकारी दी। कृषि सहायक ऋतिक बरोई ने व्यावहारिक प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को सफल खेती के बारे में जानकारी दी ।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम में हाफ मैराथन–दो हजार पच्चीस में देशभर से दो हजार से अधिक लोगों के भाग लेने के समाचार को द्वीप समाचार ने पहले पन्ने पर सचित्र प्रकायिशत किया हैं। द डेली टेलीग्राम्स ने उद्योग विभाग द्वारा गर्मियों की छुट्टियों में छात्रों को हस्तशिल्प में निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करने के समाचार को अंतिम पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने जी बी पन्त अस्पताल में चौथा सुपर स्पेशियालिस्ट शिविर आयोजित करने के समाचार को पहले पन्ने के निचले भाग में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने माहव्यापी विश्व होमियोपैथी दिवसा मनाए जाने के समाचार को भीतर के पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>